ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, रविवार 08 दिसम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 275

सीरियाई राष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया, देश छोड़कर भागे:सेना बोली- उनकी सत्ता खत्म, लोगों ने राष्ट्रपति भवन लूटा; टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे विद्रोही



24 न्यूज अपडेट

दमिश्क. सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई PM ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। PM मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे।

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं।

विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

असद ने 11 दिन में सत्ता गंवाई

सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (HTS) के बीच 2020 के सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद 1 दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था। अलेप्पो जीतने के 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद राजधानी दमिश्क को दो दिशाओं से घेर लिया है। दारा और राजधानी दमिश्क के बीच सिर्फ 90 किमी की दूरी है। इस तरह असद ने सिर्फ 11 दिन के भीतर अपनी सत्ता गंवा दी और सीरिया पर असद परिवार के 50 साल का शासन खत्म हुआ।

लेंसकार्ट बनाएगी दुनिया की सबसे बड़ी आईवियर मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री

तेलंगाना में 1,500 करोड़ कर रही निवेश, एशिया और मिडिल ईस्ट में एक्सपोर्ट भी करेगी



24 न्यूज अपडेट

हैदराबाद. चश्मा बनाने वाली कंपनी लेंसकार्ट दुनिया की सबसे बड़ी आईवियर मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री बनाने जा रही है। तेलंगाना में बनने वाली इस फैक्ट्री के लिए कंपनी 1,500 करोड़ रुपए निवेश कर रही है। लेंसकार्ट का यह प्लांट लगभग 2100 नौकरियां जनरेट करेगा।

लेंसकार्ट के को-फाउंडर अमित चौधरी ने आज यानी रविवार (8 दिसंबर) को बताया कि इस फैक्ट्री में आईवियर, लेंस, सनग्लास के साथ-साथ एक्सेसरीज और अन्य प्रोडक्ट्स भी बनाए जाएंगे। इस मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी से लेंसकार्ट साउथ-ईस्ट एशिया और मिडिल ईस्ट में प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट भी करेगी।

कंपनी बोली- हम तेलंगाना के ग्रोथ से प्रभावित 8 दिसंबर को रेवंथ रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक साल पूरे होने पर कंपनी के साथ यह मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) साइन किया है। कार्यक्रम में अमित चौधरी ने कहा कि कंपनी ने कई राज्यों में इसके लिए संभावनाएं तलाश रही थी। लेकिन तेलंगाना के ग्रोथ से वे काफी प्रभावित हुए और सरकार के साथ यह डील साइन की है।

2010 में बनी लेंसकार्ट

लेंसकार्ट के फाउंडर पीयूष बंसल 2010 में अपने कोलकाता के एक दोस्त अमीत चौधरी के साथ मिलकर एक ऐसी कंपनी बनाने का प्लान बनाया जो भारत के लोगों की चश्मा न पहनने की आदत को बदल सके। उन्होंने लिंक्डइन पर एक अन्य को-फाउंडर सुमीत कपाही को ढूंढा। सुमीत ने कुछ महीने पहले ही एक आईवियर कंपनी की नौकरी छोड़ी थी।

तीनों ने मिलकर 2010 में वैल्यू टेक्नोलॉजी बनाई, जिसमें अलग-अलग ई-कॉमर्स वेबसाइट थी। इसमें लेंसकार्ट, ज्यूलकार्ट, बैगकार्ट और वॉचकार्ट वेबसाइट्स थीं। कुछ समय बाद चश्मे के मार्केट में पोटेंशियल देख कर तीनों ने सिर्फ लेंसकार्ट पर फोकस करना शुरू किया।

ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने विरोध-प्रदर्शन:BNP लीडर बोले- भारत ने हमसे चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे



24 न्यूज अपडेट

ढाका. बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद BNP के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई।

BNP के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

बता दें कि चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ की मौत हो गई थी। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया।

भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया

रिजवी ने दावा किया कि भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, इससे हमारा देश सम्पन्न होगा। प्रोडक्शन बढ़ेगा। बॉर्डर बंद करके अच्छा काम किया। फेंसेडिल और याबा (दोनों नशीली दवाएं) भारत से आते थे, लेकिन अब नहीं आएंगे।

इस बीच, सुबह से ही इंडियन हाई कमीशन के सामने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। यहां सेना के तीन प्लाटून के साथ पुलिस भी मौजूद है। इस दौरान कुछ आम पैसेंजर्स को भी रोका गया और उन पर शक होने पर पूछताछ की गई।

किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला:हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछारें मारकर खदेड़ा, 8 किसान घायल



24 न्यूज अपडेट

शंभू बॉर्डर (पटियाला). पंजाब के 101 किसान रविवार (8 दिसंबर) को दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुल पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा।

शुरुआत में पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। इस दौरान हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते।

इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए।

किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ PGI रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है।

किसान केंद्र सरकार से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी के कानून समेत 13 मांगें कर रहे हैं।

इससे पहले 6 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, लेकिन हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें 8 किसान घायल हो गए। इसके बाद पंधेर ने किसानों को वापस बुला लिया।

हरियाणा पुलिस और किसानों ने क्या-क्या इंतजाम किए...

हरियाणा पुलिस: किसानों को रोकने के लिए पुल के ऊपर और नीचे करीब 1000 जवान तैनात किए। 3 वज्र वाहन खड़े किए। आंसू गैस के गोलों के डिब्बे रखे।

किसान: घायलों को ले जाने के लिए 10 एंबुलेंस के अलावा 7 गाड़ियां तैनात कीं। आंसू गैस के गोलों से निपटने के लिए 500 मीटर के दायरे में पानी के टैंकरों और बोरियों का इंतजाम किया। किसानों को चश्मे और मास्क के साथ नमक भी दिया। दरअसल, आंसू गैस से सांस लेने में दिक्कत होती है। नमक चाटने से राहत मिलती है।

रिलायंस मॉल के अंदर कार घुसाने की कोशिश:भरतपुर में नशे में धुत कॉन्स्टेबल ने मचाया उत्पात; दौसा में है पोस्टेड, गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भरतपुर. भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में राजस्थान पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने जमकर उत्पात मचाया। कॉन्स्टेबल ने बिजली घर स्थित रिलायंस मॉल के अंदर गाड़ी घुसाने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद मॉल के कर्मचारियों ने इसका वीडियो बना लिया। घटना स्थल से 100 मीटर की दूरी पर ही मथुरा गेट थाना था। जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कॉन्स्टेबल की गाड़ी को जब्त किया गया।

घटना देर रात करीब 10 बजे की है। दौसा में तैनात कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र सिंह नशे की हालत में अपनी गाड़ी को लेकर रिलायंस मॉल पहुंचा। जिसके बाद वह गाड़ी को मॉल के अंदर घुसाने की कोशिश करने लगा। मॉल के अंदर मौजूद कर्मचारियों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। इसके बाद तुरंत मथुरा गेट पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची। मथुरा गेट पुलिस ने कॉन्स्टेबल को मोटर व्हीकल एक्ट (एमवी एक्ट) की धारा 185 में गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही कॉन्स्टेबल की कार को धारा 207 में जब्त किया गया। मथुरा गेट थाना अधिकारी करण सिंह राठौड़ ने बताया - कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र निवासी पुष्प वाटिका कॉलोनी, भरतपुर का रहने वाला है। वह दौसा के कोषागार में गार्ड के रूप में तैनात है। रात को उसे मोटर व्हीकल एक्ट 185 में गिरफ्तार किया गया था। यह जमानती धारा है। इसलिए कॉन्स्टेबल की जमानत थाने से हो गई। वहीं कॉन्स्टेबल की कार अभी जब्त है। रिलायंस मॉल की तरफ से कोई भी शिकायत नहीं दी है।

मेडिकल में शराब पीने की पुष्टी

SHO करण सिंह राठौड़ ने बताया कि रात को पुष्पेंद्र निवासी पुष्प वाटिका कॉलोनी भरतपुर का आरबीएम अस्पताल में मेडिकल करवाया गया था। जिसमें यह पता लगा कि पुष्पेंद्र ने शराब पी हुई थी। रात को ही पुष्पेंद्र के परिजन आ गए थे। वह उसकी जमानत करवाकर ले गए।

संपादकीय : मति, सहमति और सहमति

सीखना हर जीवधारी की नैसर्गिक प्रवृत्ति, प्रकृति और आवश्यकता है। पशु-पक्षी भी अपनी अगली पीढ़ी को आवश्यक समझ और कौशल सिखाकर ही तैयार करते हैं। मनुष्य ने अपने को पीढ़ियों के जीवनपर्यंत चलने वाले संबंधों में बांधा, मित्रता और भाईचारे को अपनाया। उसे प्रेम, न्याय, क्षमा, करुणा जैसे नैसर्गिक वरदान भी मिले हैं। उसकी सामूहिकता की आवश्यकता अन्य जीवधारियों से अलग है। मनुष्य और पशु-पक्षियों में एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण समानता से सभी परिचित हैं। हर नई पीढ़ी अपना जीवन अनुकरण से ही प्रारंभ करती है। अंतर भी अनेक हैं। मनुष्य के पास विचारों, संकल्पना की शक्ति है, जिज्ञासा उसका प्रेरणास्रोत है और सर्जनात्मकता उसके सोच और संकल्पना का मूर्त रूप है। मनुष्य आदर, सम्मान तथा भावनात्मक अभिव्यक्ति के महत्त्व को जानता है। जिसके पास प्रखर वैचारिकता होगी, वह विकल्प ढूंढ़ेगा ही! नए ज्ञान और कौशल भी उसे चाहिए ही होंगे ! यही मनुष्य की प्रगति और परिवर्तन का मूल स्रोत बनता रहा है। गांधीजी का अनुसरण करने वाले करोड़ों लोग आगे आए, स्वतंत्रता के लिए बलिदान करने में हिचके नहीं! इस आंदोलन में कितने ही अन्य अनुकरणीय व्यक्ति कुंदन बन कर निकले। किसी भी चर्चा में बहुधा यह व्यक्त किया जाता है कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम को नेतृत्व देने वाली पीढ़ी अद्भुत थी। वैसे व्यक्तित्व के लोग इतनी बड़ी संख्या में अब दिखाई नहीं देते हैं। गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका से वापस आने के बाद सारे देश को एक बड़े उद्देश्य से जोड़ दिया, लेकिन इस जुड़ाव और स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिन लोगों ने अपना सर्वस्व बलिदान करने का संकल्प लिया, वे सभी गांधी जी का सम्मान तो करते थे, लेकिन उनके हर तौर-तरीके से सहमत हो, ऐसा आवश्यक नहीं था। उस समय देश में दलगत राजनीति पूरी तरह नहीं उभरी थी । वैचारिकता अलग-अलग थी, तरीके अलग-अलग अपनाए गए, लेकिन एक-दूसरे के प्रति सम्मान और आदर तथा शालीनतापूर्ण व्यवहार किसी छोड़ा नहीं । जब महात्मा गांधी के असहयोग के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लिए कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य करना असंभव हो गया, तो उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। मतभेद हुए रास्ते अलग हो गए, लेकिन पारस्परिक आदर भाव और व्यावहारिक शालीनता में कोई कमी नहीं आई। नेताजी ने ही गांधी जी को 'वे हमारे देश के पिता हैं', जैसे सम्मान के साथ लोगों को परिचित कराया। गांधी जी भी उनकी देशभक्ति की प्रखरता की सराहना करते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय वैचारिकता की भिन्नता के साथ दैनंदिन व्यावहारिकता में पारस्परिकता, शालीनता और आदरभाव हर तरफ उपस्थित था। वह स्वतंत्रता के पश्चात लगातार घटता ही रहा, और अब लगभग तिरोहित हो गया है। देश के स्कूल, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय इससे चिंतित क्यों नहीं हैं ? लोकतंत्र में चयनित जनप्रतिनिधिओं के बीच जो मानवीय संबंधों की व्यावहारिकता देश के समक्ष आएगी, उसका अनुगमन तो नई पीढ़ी अवश्य करना चाहेगी! कौन नहीं जानता है कि मां-बाप के बाद अध्यापक को ही बच्चे अपना हीरो मानते हैं। इसके बाद वे अपने आदर्श प्रतिष्ठित व्यक्तियों में ही ढूंढ़ते हैं, जिसमें चयनित जन प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। वर्तमान में इनके स्तर पर स्थिति चिंताजनक तो है ही। देश के विद्वतवर्ग का यह सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक उत्तरदायित्व है कि वे इस स्थिति की गहराई को समझकर समाज और उसके प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करे! लोकतंत्र में सार्थक संवाद की परंपरा में सक्रियता की किसी भी कमी की ओर समाज के हर वर्ग का ध्यान जाना ही चाहिए। अनेक ऐसे अवसर आए जब देश ने बाहरी आक्रमण झेले, आंतरिक अव्यवस्थाएं भी झेलीं, आंतरिक और बाह्य दुरभिसंधियों को जाना और सफलतापूर्वक समाधान निकाला। ऐसे हर अवसर पर देश की नैसर्गिक एकता और पारस्परिकता ही उसका संबल बनी। विविधता में एकता कितनी ठोस है, ऐसा मैंने पहली बार 1962 में देखा था। बाद में यह 1965, 1971, 1975, 1999 में इसी भावना को दोहराए जाते देखा। युवाओं ने राष्ट्रीयता की भावना की हर नागरिक में ठोस उपस्थिति इन सभी अवसरों पर हर आयुवर्ग ने देखी पहचानी और उसे अंतर्निहित करने में कोई कमी नहीं रखी। इस भावना को बनाए रखने और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए सकारात्मक और सम्मानपूर्ण संवाद सदा बनाए रखने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। देश में महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व निबाहने वालों के मध्य संवादहीनता की लगातार बढ़ोतरी चिंतित करती है। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में यह दोहराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर मनुष्य के व्यक्तित्व विकास का भी आवश्यक अंग है। मगर साथ ही हर व्यक्ति को यह स्वीकार करने की भी आवश्यकता है कि वह इसका दुरुपयोग न करे, अन्य को अपमानित करने वाली भाषागत स्तरहीनता से हर सुसंस्कृत व्यक्ति को बचना ही चाहिए। देश के समक्ष अनेक जटिल समस्याएं हैं। ऐसे में समाज, समाज के उत्तरदायित्व निबाहने वाले हर वर्ग का यह नैसर्गिक दायित्व स्वतः उभरता है कि उसके अपने आचार-विचार-व्यवहार में कोई ऐसी कमी न हो जिसका नई पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। हर नई पीढ़ी का यह नैसर्गिक अधिकार है कि उसे ऐसा वातावरण मिले, जो उसे शुद्ध हवा, जल और खाद्य सामग्री प्रदान कर सके। साथ ही उसे हर तरफ प्यार, करुणा, पारस्परिक आदरभाव, संबंधों की प्रगाढ़ता तथा भाषागत शालीनता, बिना किसी भेदभाव के दिखाई दे। भारत में इसे आज के समय भी प्राप्त किया जा सकता है। यह राष्ट्रीय आवश्यकता है, यह नई पीढ़ी के प्रति कार्यकारी पीढ़ी का उत्तरदायित्व है और इसका निर्वहन आवश्यक है। अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता है ही नहीं।

उदयपुर में होगी गौतम अडाणी के बेटे की प्री-वेडिंग सेरेमनी 2 दिन के लिए 3 लग्जरी होटल बुक किए; गुजरात में हुई थी सगाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के छोटे बेटे जीत अडाणी के प्री-वेडिंग फंक्शन 10-11 दिसंबर को उदयपुर में होंगे।

होटल इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस सेरेमनी के लिए उदयपुर के 3 फाइव स्टार होटल बुक किए गए हैं। इनमें पिछोला झील के बीच बने ताज लेक पैलेस, लीला पैलेस और होटल उदयविलास के सभी रूम 2 दिन के लिए पूरी तरह बुक हुए हैं।

पिछले साल ही मार्च में जीत अडाणी की सगाई हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दीवा शाह के साथ हुई थी। प्री-वेडिंग फंक्शन का मुख्य आयोजन उदयविलास होटल में होने की संभावना है। जबकि लीला और लेक पैलेस होटल में गेस्ट ठहरेंगे।

पिछले साल अहमदाबाद में हुई थी सगाई

जीत अडाणी की सगाई पिछले साल 12 मार्च को गुजरात के अहमदाबाद में हुई थी। वह हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा जैमिन के साथ फेरे लेने वाले हैं। सगाई समारोह में दोनों परिवार के करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए थे। गौतम अडाणी के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम करण अडाणी है, जिसकी शादी 2013 में हो चुकी है।

बता दें कि इससे पहले पिछले महीने 16 नवंबर को अडाणी परिवार उदयपुर पहुंचा था। उन्होंने यहां उदयपुर की वादियों और फूड का लुत्फ उठाया लिया था। इसके दो दिन बाद 18 नवंबर को खुद गौतम अडाणी भी उदयपुर आए थे।

कुशलगढ़ बीसीएमओ के खिलाफ उतरे कार्मिकःमानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप, बीसीएमओ ने कहा सभी आरोप निराधार



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. कुशलगढ़ उपखंड में कार्यरत एएनएम और एलएचवी ने बीसीएमओ पर मानसिक प्रताड़ित करने के आरोप लगए हैं। इसके समाधान के लिए कार्मिकों ने जिला कलक्टर को शिकायत पत्र सौंपा। महिलाओं ने कुशलगढ़ विधायक रमिला खड़िया के समक्ष जिला कलक्टर को पीड़ा बताई। आरोप है कि कुशलगढ़ बीसीएमओ डॉ. गिरीश भाबोर उन सभी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि बीसीएमओ के द्वारा किसी भी समय मीटिंग रखी जाती है, एएनएम को दो से तीन उपस्वास्थ्य केंद्र का कार्य सौंपा जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्हें परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन में काफी परेशानी आ रही है। ऐसी स्थितियों ने महिला कार्मिक मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं।

इस मौके पर कुशलगढ़ ब्लॉक की समस्त एएनएम अनीता आचार्य, मीना चरपोटा, सुरता बामनिया, अनीता वडेरी, सीमा पारगी सुनीता कटरा, रमिला कटरा आदि ने समस्या से अवगत कराया।

संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा'

एएनएम/एलएचवी संघ ऑफ राजस्थान की जिला अध्यक्ष एवं बांसवाड़ा संभाग अध्यक्ष आशा पाटीदार, कंकू खांट ने कहा कि यदि बांसवाड़ा किसी भी ब्लॉक में महिला कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जाएगी तो संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा।

इनका कहना है

राजकीय अवकाश के दिन मेरे कार्यकाल में कोई मीटिंग नहीं हुई। देरशाम या रात को मीटिंग रखी हो तो उसका आदेश होगा, दिखाएं। ब्लॉक में 109 पद स्वीकृत हैं। जिसमें 75 पद खाली हैं। सिर्फ 34 पद पर एएनएम कार्यरत हैं। कुल 63 सेंटर हैं। इसलिए सभी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

-डॉ. गिरीश भाबोर, बीसीएमओ, कुशलगढ़


''डॉ खराडी होंगे ''अटल सेवा श्री अवार्ड'' से सम्मानित ''



24 न्यूज अपडेट

भारत-रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वः श्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समता स्वतन्त्र मंच जयपुर द्वारा आयोजित भारत - नेपाल सांस्कृतिक सम्मेलन में डॉ दिनेश खराडी, पूर्व सीएमएचओ उदयपुर जो की वर्तमान में मेडिकल एंड हॉस्पिटल डूंगरपुर में कार्यरत है को अटल सेवा श्री अवार्ड से सम्मानित जाएगा । यह कार्यक्रम दिनाक 16 दिसंबर 2024 को रतन बाग गार्डन , पश्चिम विहार जयपुर राजस्थान में प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा । डॉ खराडी को यह सम्मान उनके द्वारा किए जा रहे चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य के साथ साथ सामाजिक उत्थान के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के लिए दिया जा रहा है । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति के पुनरुत्थान एवं भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में वीटो पॉवर के साथ स्थायी सदस्यता दिलाना है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रीमान रविकरण साहू होंगे तथा मुख्य वक्ता महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल के विशिष्ठ सलाहकार श्री महावीर प्रसाद टोरडी होंगे ।

गढ़ी तहसीलदार की ओर से जमीन, मकान, दुकानों का पंजीयन कर 51 लाख की गड़बड़ी का मामला



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। कलेक्टर के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय कमेटी की जांच में गडबडी का खुलासा हुआ है। सदस्यीय कमेटी ने 23 जुलाई से 18 अगस्त 2024 तक के 1041 पंजीयन दस्तावेजों की रेंडमली जांच की। इनमें से 74 दस्तावेजों में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां सामने आई। कमेटी की जांच में कई रजिस्ट्री में डीएलसी रेट सड़क से दूर की लगाई गई। तहसील क्षेत्र के लिए जोन तय होने के बावजूद ग्राम स्तर की दर लगाई गई। दुकानें होने के बाद भी आवासीय दर लगाकर पंजीयन करवाए गए। सरकार को 51 लाख रुपए का राजस्व नुकसान हुआ है। क्षेत्र अनुसार जोन निर्धारित है फिर भी उस रेट जोन अनुसार पंजीयन नहीं करके राजस्व ग्राम के लिए तय अन्य दरों से दस्तावेज पंजीबद्ध किए। तहसील क्षेत्र में मुख्य सड़क के पास डीएलसी तय होने के बावजूद पंजीयन जमीनों की सड़क से दूरी बताकर किया गया। खसरा और गिरदावरी के बिना ही जमीनों की असिंचित भूमि की डीएलसी दर से पंजीयन कर दिया। भूमि का उपभोग वाणिज्यिक दुकान आदि होते हुए भी आवासीय दर के अनुसार पंजीयन किया। ▪ स्थानीय निकाय/पंचायत की ओर से जारी पट्टों के पंजीयन की समयावधि समाप्त होने के बाद भी उनका पंजीयन किया गया। इन पट्टों में आबादी के खतरा नंबर का अंकन नहीं होने पर भी पट्टों का पंजीयन किया। दस्तावेजों के पंजीयन के दौरान भूखंडों के तीन साइड से फोटो नहीं लिए गए। अधिकांश दस्तावेजों में जरुरी दस्तावेज जिसमें जमाबंदी, खसरा गिरदावरी सहित अन्य की प्रमाणित प्रतियां नहीं थी। उप पंजीयक के रूप में जैन के पदस्थापन से लेकर 18 जुलाई तक पंजीयन दस्तावेजां का नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से ही मौका निरीक्षण करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया। कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रशासन की ओर से गढ़ी तहसीलदार भगवतीलाल जैन को 17 सीसीए का नोटिस जारी किया। दरअसल, 24 मई को प्रशासन को मौजूदा तहसीलदार के खिलाफ ग्राम भगोरा में गलत तरीके से रजिस्ट्री कर राजस्व नुकसान पहुंचाने की शिकायत मिली। कलेक्टर के आदेश पर बागीदौरा के उपखंड अधिकारी ने 12 जून को तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की। जिसमें 5 मार्च को हुए एक पंजीयन दस्तावेज में 6 लाख रुपए के राजस्व नुकसान होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के आधार पर अन्य दस्तावेजों में भी अनियमितता की आशंका पर कलेक्टर ने तहसीलदार हाल पदेन उप पंजीयक गढ़ी की ओर से की गई अन्य रजिस्ट्री की जांच के लिए 5 जुलाई को प्रभारी अधिकारी (भू.अ.) उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। समिति की रिपोर्ट के अनुसार 74 दस्तावेजों के पंजीयन में कम राशि ली गई। बताया गया कि रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों से कमीशन लेने के लिए तहसीलदार ने उनसे राशि कम ली। इससे लोगों का भी फायदा हुआ और तहसीलदार का भी। इस मामले में पंजीयन से जुड़े अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। तहसीलदार भगवतीलाल जैन ने 23 फरवरी 2024 को ज्वॉइन किया था। 3 अक्टूबर को तबादला हो गया लेकिन कोर्ट से स्टे लेकर 17 अक्टूबर को वापस ज्वॉइन कर लिया।

इनका कहना है-समिति की जांच में 74 दस्तावेजों में पंजीयन में अनियमितता सामने आई है। जिससे 51 लाख रुपए राजस्व हानि हुई है। तहसीलदार को 17 सीसीए का नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही उनके कार्यकाल में अन्य पंजीयन दस्तावेजों में भी अनियमितता की आशंका पर डीआईजी स्टांप, अजमेर को पत्र लिखा था। 7-8 दिन पहले टीम ने आकर जांच भी की है।

-डॉ. इंद्रजीत यादव, कलेक्टर

मक्का की फसल की आड़ में गांजे के अवैध पौधे उगाने पर वाला गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

बांसवाडा। हर्षवर्धन अग्रवाला पुलिस अधीक्षक बांसवाडा द्वारा चलाये जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान स्थाई वारंटी, गिरफतारी वारंटी, वांछित अपराधियो की धरपकड व लोकल एवं स्पेशल एक्जी की कार्यवाही के लिए वृत्ताधिकारी वृत्त बागीदौरा के निर्देशन में थानाधिकारी कपिल पाटीदार पु.नि. के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु टीम गठित कर कार्यवाही की गई। अनुसंधान एवं खुलासा 7 दिसंबर को 11.03 बजे पर उनि लक्ष्मणलाल मय जाब्ता सउनि. दिनेश चन्द्र, सउनि जितेन्द्र व कानि. चालक भरत कुमार 257 मय जीप सरकारी के 1.30 बजे वीरा पिता पूंजा पारगी निवासी टेमरन के मकान के पास पहुंचे। मकान के सामने एक खेत में मक्के की फसल खड़ी थी, जिसमें गांजे के जैसे पौधे नजर आ रहे थे। उक्त खेत में पास जाकर देखा तो मक्के की फसल के बीच में जगह-जगह गांजे के बहुत सारे छोटे बड़े हरे पौधे होना पाये गए। गांजे के कुछ पौधों पर फुल व डोडिया आई हुई हैं एवं पौधों की लम्बाई 2 से 4 फीट होना पाई गई। खेत के पास में ही स्थित वीरा के मकान पर एक व्यक्ति उपस्थित मिला, जिसने अपना नाम वीरा पिता पूंजा पारगी निवासी टेमरन होना बताया। वीरा से उक्त गांजे के पौधों के सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो वीरा ने यह खेत उसके कब्जे काश्त होना एवं इस खेत में उसके द्वारा ही गांजे की खेती करना बताया। वीरा से गांजे के पौधे उगाने के सम्बन्ध में अनुज्ञापत्र या वैध दस्तावेज नहीं पाये जाने पर अभियुक्त वीरा का उक्त कृत्य धारा 8/20 एन.डी. पी.एस. एक्ट का अपराध होना पाया गया। मौके पर आवश्यक कार्यवाही हेतु अभियुक्त वीरा तथा उसके पुत्र गलजी की उपस्थिति में खेत में स्थित गांजे के पौधों को जड़ सहित उखाड़े गये। उक्त कार्यवाही की ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से विडियोग्राफी व फोटोग्राफी करवाई गई। अभियुक्त वीरा के खेतो से उखाडे गए गांजे के पौधे को सरकारी वाहन से थाने पर मय अभियुक्त वीरा के उपस्थित थाना आए तथा खेतो से उखाडे गए अवैध गांजे का इलैक्ट्रीक कांटे से तोल किया गया तो गांजे का कुल वजन 142.63 किलोग्राम पाया गया।

गोगुन्दा में 10 दिसम्बर को होगा ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 दिसम्बर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा की अनुपालना में गोगुंदा का ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा ।

सीबीईओ प्रेरणा नौसालिया ने बताया कि राजस्थान की लुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एवं कला विधाओं, विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर "युवा महोत्सव" का "विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार" थीम पर इस युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में विज्ञान / डिजिटल मेला आयोजन, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं (सामुहिक लोक गायन, सामुहिक लोकनृत्य, एकल लोक गायन, एकल लोक नृत्य), कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण, हस्त कला, वस्त्र कला, कृषि उत्पादक), राजस्थान की लुप्त कला जैसेः फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, माण्डणा, लांघामॉगणीहार, कठपुतली, खडताल, मोरचंग, भपंग आदि) की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

नौसलिया ने बताया कि अब तक गोगुंदा ब्लॉक से 297 का रजिस्ट्रेशन हो चुका है एवं महोत्सव आयोजन के लिए तैयारियां जारी है। उन्होंने युवाओं से इस आयोजन में आधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने का आह्वान किया है।

उपरला तालाब फतेहसागर में कचरे व गंदे पानी का विसर्जन झील पारिस्थितिक तंत्र व जनस्वास्थ्य के लिए घातक




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 दिसंबर फतेहसागर के उपरला तालाब क्षेत्र में तालाब भीतर व किनारों पर भारी मात्रा में कचरे तथा गंदे पानी का विसर्जन है। इससे फतेहसागर झील के पारिस्थितिक तंत्र व जनस्वास्थ्य पर गंभीर संकट पैदा हो रहा है। रविवार को झील निरीक्षण में तालाब की दुर्दशा को देख झील कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है।

निरीक्षण में झील विशेषज्ञ डॉ अनिल मेहता, झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल, झील प्रेमी नंद किशोर शर्मा , कुशल रावल , द्रुपद सिंह इत्यादि सम्मिलित थे।

झील कार्यकर्ताओं ने बताया कि संजय पार्क के सामने स्थित सडक़ से झील में भारी मात्रा में कचरा फेंका जा रहा है। तालाब के पीछे स्थिति मस्तान बाबा क्षेत्र की कोलॉनियों का संदेश कचरा व गंदा पानी झ्रील में पहुंच रहा है। तालाब के ठीक पीछे बहुत बड़ा कचरा डंपिग स्थल बना हुआ है। जहां भारी मात्रा में पॉलीथिन, प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यह सब मिलकर फतेहसागर की जल गुणवत्ता को नु$कसान पहुंचा रहे है। झील का पानी पेयजल के रूप में शहर में वितरित होता है। इसको दूषित करना नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। जिला झील विकास प्राधिकरण को तुरंत कार्यवाही कर फतेहसागर को कचरा व गंदगी से निजात दिलानी चाहिए।

प्रोफेसर शर्मा यूनेस्कों महात्मा गांधी संस्थान के अध्यक्ष पद पर पुनर्निवाचित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पैसिफिक विश्वविद्यालय समूह के आयोजना व नियंत्रण अध्यक्ष प्रोफेसर भगवती प्रकाश शर्मा यूनेस्को संचालित महात्मा गांधी शान्ति व स्थाई विकास संस्थान के आगामी दो वर्ष हेतु पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। एशिया - प्रशान्त क्षेत्र के देशों के कार्यरत इस 'अ' श्रेणी के संस्थान के गवर्निंग बोर्ड की बैठक में अमेरिका, जापान, फ्रांस, इण्डोनेशिया, कोरिया, श्रीलंका भूटान आदि देशों से आये प्रतिनिधियों ने पर्व सम्मति से प्रोफेसर शर्मा का 2025 - 2026 पुनर्निर्वाचन किया है। दिसम्बर 5 व 6 को सम्पन्न गवर्निंग बोर्ड की बैठक में आगामी वर्ष की कार्य योजना व बजट अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राफेसर शर्मा में संस्थान के आगामी वर्ष की योजनाओं को अंतिम रूप देकर सभी पदाधिकारियों में कार्य आवंटन व यूनेस्को मुख्यालय से बेहतर समन्वय पर बल दिया। संस्थान सम्पूर्ण एशिया प्रशान्त क्षेत्र के देशों में दयालुता, जैव विविधता वैश्विक नागरिकता एवं धारणक्षम विकास के विषयों पर शिक्षण व अनुसन्धान करता है। विगत वर्ष में इस क्षेत्र में 2,30,000 शिक्षार्थियों को इन विषयों पर प्रशिक्षण दिया है।

सर्किट हाउस के बाहर सरदार पटेल मूर्ति अनावरण:अमित शाह बोले कांग्रेस पार्टी ने किया उनको भुलाने का काम, एक स्मारक भी नहीं बनाया



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर. जोधपुर के सर्किट हाउस के बाहर आज लोह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है इस कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी पहुंचे हैं। अमित शाह आज सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल कदाचित इतिहास में एक ऐसा पृष्ठ है जिसके साथ न इतिहास ने न्याय किया ना देश ने। उस महान व्यक्ति के गुण, त्याग, बलिदान और उसकी कर्मठता, दूरदर्शिता का सफल आज देश को चखने के लिए मिल रहा है।

भाजपा का शासन आने के पहले उन्हें उचित सम्मान और उचित स्थान भी नहीं मिला। इतने साल हो गए एक परिवार की भक्ति में रची बची कांग्रेस पार्टी सरदार पटेल का एक स्मारक भी नहीं बना पाई।

नरेंद्र भाई मोदी ने केवड़िया कॉलोनी में दुनिया का सबसे ऊंचा स्टैचू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार पटेल को सम्मानित करने का काम किया।

उनके योगदान, उनके गुणों को भारत कभी नहीं भूल सकता। एक ऐसा व्यक्ति जिसने नाम, प्रसिद्धि इसकी कभी चिंता नहीं की। देश के सामने कठिन से कठिन विपदाओं को उस आयु में बीमार अवस्था में भी दिन-रात काम कर देश को उनसे मुक्ति दिलाने का काम किया। सरदार साहब ना होते 556 से ज्यादा रियासतें एक होकर आज जो भारत का नक्शा दिखता है वह कभी नहीं दिखता। वह सरदार साहब का ही योगदान है कि आज हम भारतीय संघ के रूप में खड़े हैं।

गुजरात और राजस्थान की कई रियासतें जिसमें जोधपुर को भी अनेक षड्यंत्र से मुक्त कराकर भारत के साथ जोड़ने का काम किया है। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा को लेकर कहा 1100 किलोग्राम की ये प्रतिमा कई धातुओं से बनी है। इसकी हाइट 11 फीट की है। उन्होंने बताया की प्रतिमा की हाइट भले ही छोटी हो लेकिन इसकी सुगंध युगों युगों तक पहुंचेगी इसका पूरा भरोसा है। वे सरदार साहब ही थे जिन्होंने जोधपुर रियासत को महाराजा जोधपुर को समझाकर विलययनीकरण करने का काम किया।

संकल्प किया साकार

उन्होंने कहा कि जब भारत की स्वाधीनता पर चर्चिल का रिएक्शन मांगा गया था। चर्चिल ने कहा था देश स्वाधीन होने के बाद कुछ महीनों में खंड खंड हो जाएगा, लेकिन सरदार पटेल ने चर्चिल के कथन को गलत साबित किया। आज भारत गौरव के साथ पूरे विश्व के सामने सीना तान कर खड़ा है। वहीं ब्रिटेन जिसने हम पर सालों राज किया आज इस ब्रिटेन को पीछे छोड़कर हम दुनिया की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। यह सरदार पटेल साहब के संकल्प का ही प्रतिफल है।

धारा 370, कॉमन सिविल कोड, सोमनाथ की तर्ज पर अयोध्या में भव्य मंदिर, ट्रिपल तलक को खत्म करना ये सारे काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई ने दस ही साल में कर दिए। आज देश में 370 धारा का अस्तित्व नहीं है। आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है।

जिस मुद्दे पर उनका जवाहरलाल नेहरू से गहरा मतभेद रहा इस देश में कॉमन सिविल कोड होना चाहिए। उसकी जगह जवाहरलाल नेहरू मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू कोड बिल लेकर आए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड से देश में कॉमन सिविल कोड की शुरुआत हो चुकी है। ट्रिपल तलाक समाप्त हुआ। सरदार पटेल ने सोमनाथ में समुद्र के जल को हाथ में लेकर एक संकल्प लिया कि हमारे अपमानित तीर्थ स्थान का जीर्णोद्धार होगा पुनर्स्थापना होगी। सोमनाथ तो बन गया, लेकिन कांग्रेस की विकृत मानसिकता के कारण 75 साल तक अयोध्या में श्री राम का मंदिर नहीं बना। वह भी नरेंद्र मोदी सरकार में बना।

दुकान के ही कर्मचारियों ने चुराई बैट्रियां-इन्वर्टर:सूरजपोल थाना पुलिस ने दो कर्मचारियों को किया गिरफ्तार, दुकान-गोदाम से की थी चोरी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर की सूरजपोल थाना पुलिस ने लाखों की बैट्रियां-इन्वर्टर चुराने वाले दुकान के ही दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुकान-गोदाम की दूसरी चाबी बनाई थी। ये पिछले दो साल से रात में दुकान-गोदाम खोलकर चोरी कर रहे थे। थानाधिकारी रतन सिंह चौहान ने बताया कि भूपेन्द्र कुमार जैन ने गत 28 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि तोरण बावड़ी में उनकी बैट्री की दुकान और गोदाम है। यहां से चोरों ने बैट्रियां और इन्वर्टर चुरा लिए। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि दुकान के कर्मचारी दीवानशाह कॉलोनी निवासी शाहरूख खान और समीर ने चोरी की है। इस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे 39 इन्वर्टर और 43 बैट्रियां बरामद की हैं। आरोपी पिछले 2 साल से दुकान से चोरी कर रहे थे। इन्होंने दुकान और गोदाम की दूसरी चाबी बनवा रखी थी। रात के अंधेरे में दोनों स्कूटी लेकर आते और एक-एक बैट्री-इन्वर्टर चुरा ले जाते। कुछ सामान आसपास के ग्रामीणों को औने-पौने दामों में बेच भी दिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करते हुए आगे जांच में जुटी है।

ख्वाजा साहब ने हिंदुत्व का रंग भगवा अपनाया:BJP अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- उनका दर सबके लिए खुला



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने अजमेर दरगाह मामले पर कहा- वहां हमारे हिन्दू भाइयों का इतना सम्मान होता है कि वहां लंगर में कभी नॉनवेज नहीं बनता है। ख्वाजा साहब (अजमेर शरीफ) ने हिंदुत्व के रंग को अपनाया है। उनका झंडा भगवा है। ये देश विरोधी ताकते हैं और भारत की एकता और अखंडता देख नहीं सकते। सूफी साहब का दर सबके लिए खुला है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा- जो लोग अभी तक मुसलमानों को वोट बैंक समझते आए, इस्तेमाल करते आए, दंगा करवाकर, उनको डरा कर हमेशा उनको पीछे रखते थे। भाजपा ने 10 सालों में उनके विचारों को बदल दिया है। महाराष्ट्र में चुनाव हुआ और 38 सीटें ऐसी हैं, जहां पर मुसलमान ज्यादा हैं लेकिन भाजपा जीती है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी रविवार को अजमेर दरगाह में जियारत करने आए थे। इस दौरान उन्होंने अजमेर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत की।

27 नवंबर को दी थी कोर्ट ने सुनवाई की तारीख

बता दें कि 27 नवंबर को अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका अजमेर सिविल कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से यह याचिका लगाई गई थी। सिविल कोर्ट ने अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी अजमेर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ASI) को नोटिस भेजा। मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। याचिका में रिटायर्ड जज हरबिलास शारदा की 1911 में लिखी किताब अजमेरः हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला देते हुए दरगाह के निर्माण में मंदिर का मलबा होने का दावा किया गया है। साथ ही गर्भगृह और परिसर में एक जैन मंदिर होने की बात कही गई है। यह देश को तोड़ने की साजिश कर रहा है; सिद्दीकी सिद्दीकी ने कोर्ट में वाद दायर करने वाले विष्णु गुप्ता को लेकर कहा कि क्या विष्णु गुप्ता 800 साल के बाद भारत में पहला ऐसा विद्वान पैदा हुआ है, जिसमें इतना ज्ञान आ गया है कि वहां (अजमेर दरगाह) मंदिर था। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंटेलिजेंस फेल रही, जो पता नहीं कर पाई। इससे पहले हिन्दू भाई शासक रहे क्या वो समझ नहीं पाए। यह जो देश को तोड़ने की साजिश कर रहा है, यह दिख रहा है कि किसी के हाथों में खेल रहा है। विदेशी ताकतों व विपक्ष से मिलकर देश को कमजोर कर रहा है। इसका कहीं न कहीं नुकसान उसको (विष्णु गुप्ता) होगा।

जयपुर में मूंछों पर ताव देते दिखे आमिर खान:रजनीकांत की फिल्म के लिए शूट करेंगे सीन; नाहरगढ़ में भी हुई शूटिंग



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. बॉलीवुड एक्टर आमिर खान रविवार दोपहर जयपुर पहुंचे। वह जयपुर एयरपोर्ट पर अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने मूंछें बढ़ा रखी है। गाड़ी में बैठते ही वे अपनी मूंछों को ताव देते नजर आए। जानकारी के मुताबिक वे साउथ की फिल्म कुली की शूटिंग के लिए जयपुर आए हैं। यहां से वे सांभर के लिए निकल गए। सांभर में फिल्म के अहम सीन फिल्माए जाएंगे। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में रजनीकांत नजर आएंगे। वे जल्द ही फिल्म यूनिट से जुड़ेंगे। बता दें कि आमिर और रजनीकांत 30 साल बाद एक साथ काम करते नजर आएंगे। इससे पहले दोनों बॉलीवुड फिल्म आतंक ही आतंक में साथ में नजर आए थे। कुली फिल्म में आमिर एक स्पेशल कैमियो कर रहे हैं। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे।

नाहरगढ़ पर शूट किए गए सीन

रजनीकांत और डायरेक्टर लोकेश कनगराज ने कुछ दिनों पहले कुली फिल्म का अनाउंस किया था। यह एक तमिल गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है। 'कुली' लोकेश के सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि यह एक स्टैंड-अलोन फिल्म है। लोकेश के सिनेमैटिक यूनिवर्स में 'कैथी 2' और 'विक्रम 2' सहित और भी फिल्में होंगी। जानकारी के मुताबिक जयपुर में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार और रविवार को फिल्म के अहम सीन नाहरगढ़ में फिल्माए गए। इस दौरान टीम नाहरगढ़ की छत पर नजर नजर आई। 11 महीने पहले बेटी की शादी उदयपुर में की 11 महीने पहले आमिर खान ने अपनी बेटी की शादी उदयपुर में की थी। उन्होंने शादी समारोह के लिए राजस्थान का चुना था। आमिर खान की बेटी आयरा ने फिटनेस एक्सपर्ट नुपुर शिखरे से यहां क्रिस्चियन वेडिंग की थी।



फोन नहीं उठाया तो पैर पकड़वाए, थप्पड़ मारा, मामला दर्ज



24 न्यूज अपडेट

सलूम्बर । सलूम्बर के विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र जोशी के खिलाफ ख़ैराड़ निवासी कमलेश सेवक ने मारपीट करने और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला दर्ज करवाया है। प्रार्थी कमलेश ने बताया कि शुक्रवार रात ग्यारह बजे दो बार उसे एक नंबर से कोल किया गया जिसे वह व्यस्तता के कारण उठा नहीं पाया, अगले दिन सुबह उस मिस्ड कॉल पर कमलेश सेवक ने पुनः फोन लगाया तो एक अनजान व्यक्ति उसे गालियां देते हुए धमकाने लगा कि वह वकील है और थाने में बुलाया। कुछ देर बाद एक नंबर से सलूम्बर में बुलाया गया जहा सेरिया निवासी जितेंद्र पिता रूपलाल जोशी से आपस मे करने लग गए। जितेंद्र जोशी जो कुछ अन्य साथियों के साथ खड़ा था,उस ने प्रार्थी कमलेश को धमकाया कि उसके तार बहुत ऊपर तक है और उसे लॉरेस विश्नोई गैंग से उसे मरवा देगा। अपने आप को बार विप्र फाउंडेशन का जिलाध्यक्ष बताते हुए जोशी ने कमलेश सेवक को माफी मांगकर पैर पकड़ने के लिए बोला और इस दौरान जितेंद्र के साथियों ने उक्त घटना का वीडियो बनाया जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। घटनाक्रम में दोषियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए सलूंबर पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया। उधर रविवार को विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री घनश्याम मेनारिया ने प्रदेश अध्यक्ष विकास शर्मा के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष सलूंबर जितेंद्र जोशी को पद मुक्त कर दिया है।

अजमेर डिस्कॉम में होगी स्पॉट बिलिंग:हाथों-हाथ थमाएंगे बिजली का बिल, किशनगढ़ से पायलट प्रोजेक्ट शुरू



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. अजमेर डिस्कॉम आने वाले दिनों में सभी जगह स्पॉट बिलिंग करेगा। इसके लिए फिलहाल किशनगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई स्पॉट बिलिंग की प्रबन्ध निदेशक ने समीक्षा की और इस बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि अप्रैल तक सभी जगह स्पॉट बिलिंग लागू कर दी जाएगी। पंचशील स्थित डिस्कॉम मुख्यालय पर प्रबंध निदेशक के.पी वर्मा की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई और इसमें कई मुद्दों को लेकर चर्चा की। एमडी ने अधीक्षण अभियंता (आईटी) को निर्देश दिए कि स्पॉट बिलिंग चालू होने से पूर्व एक बार सभी उपभोक्ताओं को एसएमएस तथा अन्य साधनों से जागरूक करना सुनिश्चित करे, जिससे जब मीटर रीडर उपभोक्ता के घर स्पॉट बिलिंग के लिए पहुचे तो उपभोक्ता असहज न हो।

स्पॉट बिलिंग के पायलट प्रोजेक्ट की समीक्षा

एमडी वर्मा ने किशनगढ़ में चलाए जा रहे स्पॉट बिलिंग के पायलट प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उन्होंने बीसीआईटीएस स्मार्टर सॉल्यूशन्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे डेटा माइग्रेशन , हार्डवेयर सप्लाई, और स्टाफ़ ट्रेनिंग के कार्य में तेजी लाए जिससे जल्द से जल्द स्पॉट बिलिंग को पूरे डिस्कॉम में लागू किया जा सके। वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों को स्पॉट बिलिंग से होने वाले फायदे यथा बिजली चोरी रोकने में मदद, बिजली खपत की निगरानी, बिजली बिलों की सटीकता, बिजली विभाग की आय में वृद्धि, उपभोक्ताओं की संतुष्टि में वृद्धि, बिजली विभाग की दक्षता में वृद्धि तथा अन्य फायदों को विस्तार से बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्पॉट बिलिंग के लिए होने वाली ट्रेनिंग को संबंधित कार्मिकों को दिलवाना सुनिश्चित करे।

बीसीआईटीएस कंपनी के प्रतिनिधि वेंकटेश ने कंपनी के द्वारा अजमेर डिस्कॉम में स्पॉट बिलिंग को लेकर किए जाने वाले कार्यो को विस्तार से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के स्पॉट बिलिंग से संबंधित सवालों का मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने बताया कि अभी तक कंपनी ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किशनगढ़ में स्पॉट बिलिंग की शुरुआत के साथ साथ अजमेर डिस्कॉम के 7 सर्किल अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, डीडवाना- कुचामन, झुंझुनूं, राजसमंद तथा उदयपुर के कार्मिको को ट्रेनिंग दे दी है।वेंकटेश ने कहा कि अप्रैल 2025 तक अजमेर डिस्कॉम के सभी 17 सर्किल में स्पॉट बिलिंग करने का प्रयास किया जाएगा।

24 प्रतिशत कमीशन का लालच देकर 8.50 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। साइबर पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर 8.50 लाख की ऑनलाइन ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर थाना पुलिस ने ग्रो मनी कंपनी में ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ऑनलाइन ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी से डूंगरपुर के एक व्यक्ति से 8.50 लाख रुपए की ठगी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साइबर थाने के थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि शुरू हाल डूंगरपुर निवास उम्मेदसिंह प्रजापत ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 10 अप्रैल को उसके टेलीग्राम पर एक लिंक आया था। उस लिंक पर लिखे नम्बर पर उसने फोन किया था तो अलवर निवासी धर्मेंद्र पंचाल ने उससे बात की। धर्मेंद्र ने बताया कि उसने ग्रो मनी कंपनी में इन्वेस्ट के लिए लिंक भेजा है। कंपनी में इन्वेस्ट करने पर हर माह 24 प्रतिशत ब्याज की बात कही। जिस पर वह लालच में आ गया और उसने अलग-अलग तारीख को कुल 8 लाख 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। बाद में कोई राशि रिटर्न नहीं होने पर उसे धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित की रिपोर्ट पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी धर्मेंद्र पंचाल के चित्तौड़गढ़ में होने की जानकारी मिली। साइबर थाने की टीम चित्तौड़ पहुंची और धर्मेंद्र को डिटेन करके डूंगरपुर लाए। पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पत्नी तलाकशुदा कोटे से पुलिस में कॉन्स्टेबल बनी:पति का आरोप- हमारा तलाक नहीं हुआ, पहले पति के कागजों के आधार पर नौकरी ले ली



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में पति ने अपनी कॉन्स्टेबल पत्नी के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया- पत्नी कविता ने तलाकशुदा के कोटे से नौकरी ली है। किशनगढ़ में ट्रेनिंग कर रही है। पति का आरोप है कि पत्नी ने पहले पति से लिए तलाक के कागजों पर नौकरी हासिल की है। जब नौकरी लगी, तब वह उसकी पत्नी थी।

महिला के दूसरे पति सुनील कुमार की शिकायत पर कविता के खिलाफ ज्योति नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की गई हैं। मामले की जांच ज्योति नगर थाने के सीआई राकेश कुमार पारीक को सौंपी गई है।

ज्योति नगर थाना सीआई रमेश कुमार पारीक ने बताया- सुनील कुमार (37) महिला का दूसरा पति है। जो झुंझुनूं स्थित पिलानी तहसील के गांव सेठू की ढाणी का रहने वाला है। यह रिपोर्ट डीसीपी साउथ के कार्यालय से थाने को मिली है। रिपोर्ट में सुनील कुमार ने बताया है कि उसकी शादी 13 दिसम्बर 2015 को हिन्दू रीति रिवाज से कविता पुत्री राजेश कुमार के साथ हुई थी। कविता हरियाणा के महेन्द्रगढ़ की रहने वाली है। 3 फरवरी 2017 को बेटा हुआ। इसके बाद से कविता ने झगड़ा करना शुरू कर दिया।

पहले भी शादी कर चुकी महिला

रिपोर्ट में लिखा- कविता ने बताया था कि रवि कुमार से शादी कर रखी थी। इससे कविता को दो बच्चे हुए थे। अपने पहले पति रवि कुमार व दो बच्चों को छोड़कर 2015 में तलाक ले लिया था। इस तलाक के आधार पर कविता ने सरकारी नौकरी ली।

दूसरे पति पर भी तलाक का केस किया

सुनील ने बताया- कविता को काफी समझाया पर वह मेरी व मेरे परिवार वालों की बातें नहीं मानी। मेरे को छोड़ कर अपनी मां के पास टपूकड़ा के गांव बनबीरपुर में चली गयी। वहां जाकर तिजारा पारिवारिक न्यायालय में तलाक का केस दायर करवाया। इसका नोटिस मिला।

एसओजी में की थी शिकायत

इसी दौरान 2022 में जानकारी मिली की पूर्व के तलाक के आधार पर कविता ने सीआईडी आईबी में सिपाही के पद पर नौकरी ली है। इस पर एसओजी में रिपोर्ट दी गई। एसओजी की जांच के बाद फाइल को पुलिस कमिश्नरेट भिजवाया गया। इस पर ज्योति नगर थाने में कविता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

सुनील कुमार का आरोप है कि पत्नी कविता ने उससे तलाक नहीं लिया। पहले पति के तलाक के कागजों के आधार पर नौकरी ले ली। जिस दौरान पत्नी ने नौकरी ली, वह उसकी पत्नी थी। अभी तक उसका तलाक नहीं हुआ है।

SHO (ज्योति नगर) रमेश पारीक का कहना है- पुलिस की ओर से FIR दर्ज कर ली गई है। रिपोर्ट में दिए तथ्यों की जांच की जा रही है।

जे. के. सीमेन्ट के स्वर्ण जयन्ती महोत्सव में कानून मन्त्री श्री अर्जुन राम मेघवाल पंहुचे यज्ञ में आहुतिया देनें



24 न्यूज अपडेट

जे. के. सीमेन्ट परिसर में चल रहे 08 दिवसीय स्वर्ण जयन्ती महोत्सव के अन्तर्गत आज अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ में आहुतियाँ देने केन्द्र सरकार के कानूनी मन्त्री श्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुये । इस अवसर पर निम्बाहेड़ा विधायक श्री श्रीचन्द्र कृपलानी एवं जे. के. सीमेन्ट के यूनिट हेड श्री मनीष तोषनीवाल, एचआर हेड श्री प्रभाकर मिश्रा, कॉमर्शियल हेड श्री अजय गर्ग ने उन्हें हेलीकॉप्टर से लेण्ड करने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया । श्री मेघवाल कार्यक्रम स्थल पंहुचे और वहाँ पर उन्होनें यज्ञ मण्डप की परिक्रमा की। उसके पश्चात श्री राधाकृष्ण मन्दिर के दर्शन किये, जहाँ पर जे. के. सीमेन्ट के वाईस चैयरमेन डॉ. निधिपति सिंघानिया, प्रबन्ध निदेशक श्री राघवपत सिंघानिया ने अभिवादन किया । इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि जे. के. सीमेन्ट परिवार का सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सदैव योगदान रहा है और देश की आर्थिक प्रगति में भी सिंघानिया परिवार का विशेष योगदान रहा है । उन्होनें इस अवसर पर सर पदमपत सिंघानिया, डॉ. गौरहरि सिंघानिया और श्री यदुपति सिंघानिया का भी देश की आर्थिक प्रगति के लिये किये गये योगदान का जिक्र किया । सांयकाल कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलन एवं आरती के पश्चात भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें निम्बाहेड़ा नगर के आमजन ने पूरे उत्साह के साथ आनन्द लिया । आज की भजन संध्या की प्रस्तुतिकरण प्रसिद्ध भजन गायिका उमा लहरी द्वारा गाये गये भजनों पर नगरवासी झूम उठे । आज का दिन जे. के. सीमेन्ट परिवार के लिये इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि आज जे. के. सीमेन्ट के प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया 40 वाँ जन्म दिन है । इस अवसर पर जे. के. सीमेन्ट के समस्त कर्मचारियों की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर यूनिट हेड श्री मनीष तोषनीवाल ने उनके स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की । इस अवसर पर जे. के. सुरभि लेडीज क्लब के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की सदस्याओं द्वारा नयनाभिराम प्रस्तुतियाँ दी गई । पूरे दिन निम्बाहेड़ा के प्रबुद्धजनों द्वारा डॉ. राघवपत सिंघानिया को उनके जन्म दिन की बधाई देने का ताता लगा रहा ।

रणथंभौर में प्रियंका-गांधी ने 3 घंटे 'रिद्धि' का पीछा किया,VIDEO:बेटे रेहान के साथ सफारी, माही बाघिन ने किया दोनों को रोमांचित



24 न्यूज अपडेट

सवाई माधोपुर. कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा रणथंभौर टागर रिजर्व में सफारी की। शनिवार शाम को सफारी के दौरान प्रियंका गांधी की जिप्सी तीन घंटे तक बाघिन रिद्धि के पीछे-पीछे घूमती रही। इस दौरान प्रियंका गांधी के बेटे रेहान भी उनके साथ थे। कांग्रेस महासचिव तीन दिन के लिए शुक्रवार को रणथंभौर पार्क पहुंची थीं। वे यहां एक फाइव स्टार प्रॉपर्टी में रुकी हैं। वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट व गाइड विजय सिंह मीणा ने बताया- प्रियंका गांधी ने शनिवार को दूसरी पारी में सफारी की थी। इस दौरान सेंचुरी के जोन-3 में उन्हें बाघिन रिद्धि ओर उसकी बेटी माही दिखी। माही ने टूरिस्ट के सामने ही चीतल के शिकार की भी कोशिश की।

बाघिन मां-बेटी ने टूरिस्टों को किया रोमांचित

प्रियंका गांधी और दूसरे टूरिस्टों को जोन-3 में बाघिन रिद्धि और माही की तकरार भी देखने को मिली। माही ने जहां एक चीतल के शिकार की कोशिश की वहीं रिद्धि ने सांभर का पीछा किया। प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने शनिवार सुबह भी अपने दोस्तों के साथ सफारी की थी, लेकिन उन्हें कोई टाइगर नहीं दिखा था।

इससे पहले नवंबर में भी प्रियंका गांधी ने परिवार के साथ रणथंभौर में टाइगर सफारी की थी। उस दौरान जोन नंबर-3 में बाघिन ऐरोहेड और उसके तीन शावकों की साइटिंग हुई थी। उन्होंने करीब 25 मिनट तक बाघिन और उसके शावकों को अठखेलियां करते हुए देखा था। इस दौरान प्रियंका के बेटे ने अपने कैमरे में इस नजारे को कैद किया था।

रणथंभौर में 75 टाइगर

रणथंभौर नेशनल पार्क 1700 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां 75 बाघ, बाघिन और शावक हैं। एक बाघ को लगभग 35 किलोमीटर टेरेटरी की आवश्यकता होती है। ऐसे में यहां 50 बाघ रह सकते हैं। यानी रणथंभौर में 25 बाघ-बाघिन क्षमता से अधिक हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।